हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, गुरूवार, 25 दिसंबर 2025

12 जिले में कई स्कूलों में तुलसी पूजन के साथ मनाया क्रिसमस



14 अरावली को बचाने के लिए मांडोठी में प्रदर्शन





## खबर संक्षेप



### भाजपाइयों ने किया एसडीएम का स्वागत

**बहादुरगढ़।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल शर्मा, मार्केट कमेटी के चेयरमैन विनोद कौशिक और चिकित्सा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी ओमवीर राठी ने बुधवार को एसडीएम अभिनव सिवाच से मुलाकात की। उन्हें इस नियुक्ति के लिए बधाई दी। साथ ही स्थानीय समस्याओं से अवगत करवाया।

### वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने की मांग

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता जसबीर सैनी ने कहा कि शास्त्री नगर के फेज 2 एरिया में बारिश के मौसम में पानी भरने की समस्या को देखते हुए यहां नगर परिषद द्वारा वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाया जाना चाहिए। स्थानीय निवासी लगातार इसके लिए आग्रह कर रहे हैं। जलभराव के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।



### पीपीटी प्रतियोगिता में प्रथम रही प्राची

**बहादुरगढ़।** बुधवार को वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय बीसीए विभाग के सहयोग से पीपीटी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों को लेकर जागृत किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राची, द्वितीय मुस्कान और तृतीय स्थान वर्षा ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में अंजू चौधरी, कोमल व शिखा तिवारी की भूमिका रहीं। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि गलत आदतें हमारे जीवन को निष्क्रिय बनाकर बाधित करता है। नशा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

## माउंट व्यू स्कूल में भाषा प्रदर्शनी व तुलसी पूजन के साथ मनाया क्रिसमस

# तुलसी का पौधा हमारे जीवन में स्वास्थ्य व सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक: लाठर

विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य और गीतों की प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के दौरान तुलसी पूजन भी संपन्न हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

माउंट व्यू सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को भाषा प्रदर्शनी, तुलसी पूजन एवं क्रिसमस समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल में विशेष सजावट की गई। कार्यक्रम में बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

प्रधानाचार्य सुरेंद्र छिल्लर के प्रेरणादायक भाषण से कार्यक्रम शुरू हुआ। उन्होंने बच्चों को संस्कार, अनुशासन और परिश्रम का महत्व समझाया। इसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। वैश्य गर्ल्स कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. राजवंती शर्मा ने कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व से अवगत करवाया। भव्य भाषा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों को विभिन्न भाषाओं के बारे में विस्तार से बताया गया और उन्हें भाषाई विविधता व महत्व से अवगत कराया गया।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते माउंट व्यू स्कूल के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य और गीतों की प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के दौरान तुलसी पूजन भी संपन्न हुआ। स्कूल निदेशक देवेंद्र लाठर ने तुलसी पूजन के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि तुलसी का पौधा हमारे जीवन में स्वास्थ्य, शुद्ध वातावरण एवं सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है।

इसके उपरांत खेल सप्ताह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### मदर इंडिया स्कूल में धूमधाम से मनाया क्रिसमस डे पर्व

**बहादुरगढ़।** अशोक नगर में स्थित मदर इंडिया पब्लिक स्कूल में बुधवार को क्रिसमस-डे पर्व धूमधाम से मनाया गया। कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चे संता की पोशाक में आए और अलग अलग गानों पर प्रस्तुतियां दी। अध्यापकों ने बच्चों को इस दिन का महत्व बताया और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। अंत में बच्चों को टॉफियां बांटकर कार्यक्रम का समापन किया गया।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम की प्रस्तुति देते नन्हे मुन्ने।

### सैनिक स्कूल में करवाई टैलेंट हंट प्रतियोगिता



**बहादुरगढ़।** सैनिक पब्लिक स्कूल में क्रिसमस पर्व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान देने के उद्देश्य से भव्य टैलेंट हंट कार्यक्रम किया गया। विद्यालय को रंग-बिरंगी सजावट, क्रिसमस ट्री, सितारों और झंडियों से आकर्षक रूप से सजाया गया। छोटे बच्चों ने सांता क्लॉज की वेशभूषा में मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का मन जीत लिया। टैलेंट हंट कार्यक्रम में पहली कक्षा से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन किया। टैलेंट हंट के अंतर्गत नृत्य, गायन, कविता पाठ, योग जैसी विभिन्न विधाओं को शामिल किया गया। प्रधानाचार्य बीएल भारद्वाज ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनमें आत्मविश्वास, रचनात्मकता तथा मंच संचालन कौशल का विकास करते हैं। भाविका, अंशिका, सोनल, याशिका, सनाया, तान्या, हर्षवर्धन, मेघा, दीक्षा, तरुण, नेहा, भूमिका आदि श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।



बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को जागरूक करते एसएचओ सतीश कुमार। फोटो: हरिभूमि



बहादुरगढ़। हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत करती सेंचुरी स्कूल की छात्राएं।

### एसआर सेंचुरी स्कूल में मनाया क्रिसमस

**बहादुरगढ़।** शहर के एसआर सेंचुरी पब्लिक स्कूल में क्रिसमस पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। स्कूल को आकर्षक सजावट, रंग-बिरंगी रोशनी और क्रिसमस ट्री से सजाया गया। प्रधानाचार्य वीएन झा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुरू किया। कक्षा आठवीं की आराध्या द्वारा नृत्य नाटिका के माध्यम से सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। बाल वाटिका के नन्हे बच्चों ने क्रिसमस गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। अलकनंदा सदन की तनीषा, वाणी, सक्षम एवं ग्रुप ने हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया। मंदाकिनी सदन की दिव्यांशी, प्रगति, कुणाल, राघव एवं ग्रुप ने पंजाबी मैशअप पर नृत्य किया। अन्नपूर्णा सदन की अयाली, महक, परी, दिव्या एवं समूह ने गुजराती गीत पर नृत्य प्रस्तुति दी। धौलगिरी सदन से आराध्या, मानवी, भावना, प्रीति एवं समूह ने राजस्थानी गीत पर नृत्य किया। शारीरिक विज्ञान अध्यापक मनीष सांताक्लाज बने और विद्यार्थियों को उपहार भेंट किए। शिक्षकों ने ईसा मसीह के जीवन से जुड़े आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा दी।

### क्रिसमस पर विद्यार्थियों व शिक्षकों ने दी नृत्य की प्रस्तुति



**झज्जर।** आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दादनपुर में क्रिसमस पर्व के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने कविता पाठ, लघु नाटिका एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दीं। कार्यक्रम के दौरान कई विद्यार्थी सांता क्लॉज की वेशभूषा में मंच पर आए और उन्होंने विद्यार्थियों में उपहार भी वितरित किए। संस्था समिति सदस्या सीजू गहलावत ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास और रचनात्मक क्षमता को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### विद्यार्थियों को बताया क्रिसमस-डे का महत्व



**झज्जर।** एलए स्कूल में बुधवार को क्रिसमस डे मनाया गया। स्कूल प्राचार्या निधि कादियान व प्रबंधक केएम डागर ने विद्यार्थियों को क्रिसमस-डे के महत्व से अवगत कराया। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्नोमैन, क्रिसमस-ट्री, रेनडियर बनाए तथा सांता की ड्रेस पहन कर विद्यार्थियों में उपहार बांटे। इस मौके पर स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया, योजित गुलिया, भविष्य दहिया ने भी विद्यार्थियों में उपहार वितरित किए। इस मौके पर एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, सपना अहलावत सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। नृत्य की प्रस्तुति देते हुए विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### विद्यार्थियों ने क्रिसमस ट्री सजाया

*झज्जर। कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल बिरहड़ में क्रिसमस उत्सव पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने कक्षाओं में क्रिसमस ट्री सजाया। इस दौरान विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति भी दी। इस मौके पर डायरेक्टर शरद यादव व प्राचार्य मंजीत कुमार ने विद्यार्थियों को क्रिसमस-डे के महत्व से भी अवगत कराया।*

### स्कूल में तुलसी पूजन दिवस मनाया

**बहादुरगढ़।** शहर के राणा प्रताप स्कूल में तुलसी दिवस की पूर्व संध्या पर नशा मुक्त अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा, नैतिक मूल्यों और नागरिक जिम्मेदारियों से जुड़े विषयों पर जागरूक किया गया। यातायात थाना प्रबंधक सतीश कुमार ने सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा, नशा मुक्ति अभियान और नए आपराधिक कानूनों पर जानकारी दी। आरएसओ सतीश शर्मा ने नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। तुलसी पूजन के उपरांत प्रिंसिपल मीनू और एडवोकेट दीपक कुमार ने निरीक्षक सतीश कुमार को तुलसी का पौधा भेंट किया। कार्यक्रम में शिक्षाविद सुनीता पंवार सहित सतीश शर्मा, नीलम रानी, निशा शर्मा, रोशन लाल, भारती देवी, सुष्मिता आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाती पुलिसकर्मी टीना। फोटो: हरिभूमि

### छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

**बहादुरगढ़।** पुलिस की सेल्फ डिफेंस टीम ने बालोर गांव में स्थित शहीद शेर सिंह उच्च विद्यालय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात नियमों, व्यक्तिगत सुरक्षा और आत्मरक्षा के प्रति सजग करना रहा। मुख्य सिपाही टीना ने आत्मरक्षा के सरल और प्रभावी उपायों का अभ्यास कराकर विद्यार्थियों को आपात स्थितियों में स्वयं की सुरक्षा के लिए तैयार किया।

# नशे के विरुद्ध सांखोल व परनाला में किया जागरूक

## वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समझाया

- स्वयंसेविकाओं ने ग्रामीणों को नशे से दूर रहने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में गांव सांखोल में नशे के विरुद्ध जागरुकता रैली निकाली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। गांव परनाला में भी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के उपरांत स्वयंसेविकाओं ने प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा के साथ मिलकर ग्रामवासियों को तुलसी के पौधे वितरित किए तथा उन्हें पर्यावरण संरक्षण एवं औषधीय पौधों के महत्व के प्रति जागरूक किया।



बहादुरगढ़। गांव सांखोल में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करती स्वयंसेविकाएं।

प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने बताया कि नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वयंसेविकाओं ने नशे के दुष्परिणामों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पारिवारिक, सामाजिक एवं आर्थिक जीवन को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। स्वयंसेविकाओं ने ग्रामीणों को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा युवाओं को सही दिशा देने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि नशा एक गंभीर सामाजिक बुराई है, जिसके उन्मूलन के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक होकर सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है। ग्रामीणों ने भी स्वयंसेविकाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए नशा-मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग देने का संकल्प लिया।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में मिले प्रमाण पत्रों के साथ प्रतिभागी विशेषज्ञ। फोटो: हरिभूमि

## श्री ओमवीर इंस्टीट्यूट में सतत शैक्षणिक कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नूना माजरा स्थित श्री ओमवीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ रिहैबिलिटेशन में चल रहा तीन दिवसीय सतत शैक्षणिक कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हो गया। भारतीय पुनर्वास परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त कार्यक्रम में हरियाणा सहित अलग-अलग राज्यों के व्यावसायिक पुनर्वास कर्मियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर समाज में दिव्यांगों के विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए पाठ्यक्रम अनुकूलन पर चर्चा की गई। इसमें संस्था के अध्यक्ष नवीन देशवाल समेत विभिन्न पुनर्वास विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे।



बहादुरगढ़। ऑनलाइन बैठक में विचार रखते कोबी पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### जीएसटी ग्रीवेंस मीटिंग में की ऑनलाइन सहभागिता

**बहादुरगढ़।** कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज ने हरियाणा की राज्य स्तरीय जीएसटी ग्रीवेंस रिड्रेसल कमेटी की बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता की। कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल तथा अधिवक्ता पंकज वशिष्ठ ने सीजीएसटी के मुख्य आयुक्त नवीन कुमार जैन, हरियाणा आबकारी एवं कराधान आयुक्त विनय प्रताप सिंह समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सार्थक एवं सकारात्मक संवाद किया। जीएसटी व्यवस्था के अंतर्गत किए गए विभिन्न सुधारों के लिए अधिकारियों का आभार व्यक्त किया तथा जमीनी स्तर पर करदाताओं को हो रही व्यावहारिक कठिनाइयों से उन्हें अवगत कराया।



बहादुरगढ़। गोष्ठी में उपभोक्ता अधिकारों पर चर्चा करते जयकिशन छिल्लर।

### उपभोक्ताओं के अधिकारों पर हुई गोष्ठी

*बहादुरगढ़। लडरावन स्थित श्री स्वामी समर्थ इंटरनेशनल स्कूल में ग्राहकों व उपभोक्ताओं के अधिकारों से संबंधित कानून पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों से प्रश्नोत्तरी के माध्यम से संवाद स्थापित किया। सभी की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। बुधवार को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला पालक डॉ धनंजय शर्मा की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में हुई गोष्ठी का आयोजन जिला संयोजक जयकिशन छिल्लर ने किया। उपभोक्ता दिवस पर विद्यार्थियों को ग्राहकों व उपभोक्ताओं के अधिकारों से संबंधित कानून पर मार्गदर्शन दिया। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा की गई। उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करने, उन्हें धोखाधड़ी से बचाने, अनुचित व्यापार से स्वयं को सुरक्षित रखने के सुझाव दिए गए। कई कानूनी पहलुओं की जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान स्कूल चेयरमैन अभिषेक छिल्लर, प्रिंसिपल किशोर कुमार शर्मा समेत स्कूल स्टाफ भी उपस्थित रहा।*

## त्रिवेणी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लगाई प्रदर्शनी

# विज्ञान प्रदर्शनी में दिखे आकर्षक मॉडल

- विद्यार्थियो के उपकरणों को देखकर अभिभावक रह गए आश्चर्यचकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के त्रिवेणी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें दैनिक जीवन में विज्ञान, गणित, भाषा और सामाजिक विज्ञान के सार और महत्व को दर्शाया। विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने पर्यावरण ऊर्जा तकनीकी विकास जैसे विषयों पर आधारित कई आकर्षक और ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए।

स्कूल निदेशक एस श्याम, निदेशिका संगीता वर्मा, उपनिदेशिका सुमित्रा महला व प्राचार्य अनिल कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का आरंभ किया। सभागार में विज्ञान गणित सामाजिक विज्ञान की कुल 96 परियोजनाएं प्रदर्शित की गई। विज्ञान किटों का तत्कालिक निर्माण और संभावित सामाजिक-आर्थिक समस्याओं के समाधान पेश करने वाले उपकरण एवं मॉडल शामिल थे। मॉडलों ने उभरते वैज्ञानिकों, गणितज्ञों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, लेखकों और कवियों के सपनों और आकांक्षाओं की बानगी पेश की। ब्लड सर्कुलेशन और पंपिंग ऑक्सीजन, पैदल चलने वालों से विद्युत उत्पन्न, डीएनए एक्सट्रैक्शन, न्यूक्लियर पावर प्लांट, जल चक्र, जल संचयन प्रणाली, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, हाइड्रोपावर प्लांट, चंद्रयान थ्री, न्यू पार्लियामेंट हाउस, इवोल्यूशन और मनी, स्मार्ट एग्रीकल्चर, श्वसन की प्रक्रिया का प्रत्यक्ष प्रदर्शन, मस्तिष्क शक्ति, स्मार्ट सिटी, इंडियन टेरिटरीज, माइक्रोस्को, सोलर पावर इरिगेशन, भूकंप का पता लगाने वाला सूचक, नवीकरणीय स्त्रोत बिजली उत्पादन, स्मार्ट शहरों, सौर पैनलों, पर्यावरण के अनुकूल बायो-एंजाइमों से बने फर्श क्लीनर, नारियल के छिलके से बने पानी के स्ट्रॉ, एसी के पानी का उपयोग, प्लास्टिक कचरे से बने प्लास्टिक के नोट और पुनः उपयोग किए गए प्लास्टिक से बनी विभाजन दीवारों के अलावा ऑर्गेनाइजर, कोस्टर, मोमबत्तियां, गमले, बुकमार्क आदि इत्यादि प्रदर्शित किए गए। विद्यार्थियों के आकर्षक मॉडल व उपकरणों को देखकर अभिभावक भी आश्चर्यचकित रह गए।



बहादुरगढ़। विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल देखते अभिभावक। फोटो: हरिभूमि



बहादुरगढ़। स्वयंसेविकाओं द्वारा बनाए पोस्टर-स्लोगन देखती प्रिंसिपल।

### स्लोगन से साहिबजादों को दी श्रद्धांजलि

**बहादुरगढ़।** गुरु गोबिंद सिंह के दो छोटे साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान पर वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम हुआ। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि उन दो अबोध बालकों को जिंदा दीवार में चिनवा दिया गया था। इन वीर बालकों का बलिदान साहस व वीरता का प्रतीक है। एनएसएस वालंटियर्स कीर्ति, खुशबू, मानसी, अंजलि, तनिषा, परी, नेहा, अन्नु, सौम्या, हिना, दिव्या आदि ने प्रेरणादायक स्लोगन लिखकर व पोस्टर बनाकर साहिबजादों के बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. नेहा नैन ने भी छात्राओं का मार्गदर्शन किया। डॉ. नैना फोगाट व प्रीति ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### ऑनलाइन रजिस्ट्री, रिकॉर्ड प्रबंधन, साफ-सफाई तथा नागरिक सुविधाओं की समीक्षा की

# डीसी ने मातनहेल तहसील, कॉलेज और स्कूल का किया निरीक्षण

*उपायुक्त ने विद्यार्थियों से संवाद कर पढ़ाई की स्थिति की जानकारी ली*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बुधवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने मातनहेल तहसील का दौरा कर तहसील कार्यालय, राजकीय कॉलेज और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशासनिक व शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तहसील कार्यालय का निरीक्षण करते हुए उन्होंने आमजन से जुड़े कार्यों के समयबद्ध निस्तारण, ऑनलाइन रजिस्ट्री, रिकॉर्ड प्रबंधन, साफ-सफाई तथा नागरिक सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि तहसील में आने वाले नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

इसके उपरांत उन्होंने मातनहेल स्थित राजकीय कॉलेज और स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर पढ़ाई की स्थिति जानी और शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टूडेंट्स से भी कहा कि पूरी मेहनत से पढ़ाई कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं।



झज्जर। विद्यार्थियों से संवाद करते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

## एसडीएम ने खेल स्टेडियमों का लिया जायजा

- बहराणा, डीघल, शेरिया, पलड़ा व दूबलधन स्थित खेल स्टेडियमों व विद्यालय के खेल मैदानों में जांचीं व्यवस्था

बेरी। खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और खेल सुविधाओं को उन्नत करने के उद्देश्य से बुधवार को एसडीएम रेणुका नांदल ने गांव बहराणा, डीघल, शेरिया, पलड़ा व दूबलधन स्थित खेल स्टेडियमों व विद्यालय के खेल मैदानों का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करने को लेकर प्रशासन प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि स्टेडियमों में आधुनिक खेल उपकरण, हाई क्वालिटी ट्रैक और खिलाड़ियों के लिए बेहतर प्रशिक्षण सुविधाओं की आवश्यकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को खेल सुविधाओं के लिए एक विस्तृत योजना तैयार करने के निर्देश दिए।



बेरी। खेल स्टेडियम का जायजा लेते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

## आसौदा स्कूल में व्यवस्था जांचने पहुंचे एसडीएम



बहादुरगढ़। आसौदा विद्यालय में बच्चों से संवाद करते एसडीएम अभिनव सिवाच।

बहादुरगढ़। एसडीएम अभिनव सिवाच (आईएएस) ने बुधवार को गांव आसौदा सिवान के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, साफ-सफाई और विद्यार्थियों की उपस्थिति व अध्यापकों की उपस्थिति का जायजा लिया। एसडीएम अभिनव सिवाच ने प्रतिदिन बच्चों को दिए जाने वाले डाइट चार्ट और बच्चों के लिए बनाए गए भोजन का भी अवलोकन किया। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ व्यवहारिक शिक्षा पर बल देने का आहवान किया। साथ ही स्कूल प्रशासन से मिड डे मील में निर्धारित मेन्यू के अनुसार प्रोटीन युक्त भोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बच्चों के पोषण स्तर में सुधार करना, उनकी स्कूल में उपस्थिति और नामांकन बढ़ाने के लिए सजगता से कार्य करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने स्कूल के स्थानांतरण को लेकर भी संबंधित पक्षों को सुना और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित



झज्जर। कार्यक्रम में उपस्थित होनहार विद्यार्थी एवं शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

झज्जर। करण सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को स्थानीय इस्कॉन केंद्र द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर होनहार विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बीते सप्ताह स्कूल में कराई गई भगवत गीता प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा की गई। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार विद्यार्थियों को भगवत गीता और पारितोषिक ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं, केंद्र से पहुंचे सदस्यों ने विद्यार्थियों को सद्मार्ग पर बढ़ने के उपायों की जानकारी भी दी। इस दौरान राधा नाम दास, पवन अरोड़ा, ज्योति बतरा, मोनिका अरोड़ा, स्वीटी, अभिलाष, सुनीता धनखड़, डॉक्टर रामवीर, अशोक कुमार, नरेश कुमार, निर्मल सिंह, प्रदीप कुमार, रोहित बतरा सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## नुक्कड़ नाटक में झज्जर शाखा जीती



झज्जर। शिक्षकों के साथ नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी।

झज्जर। आरईडी विद्यालय द्वारा कराई गई अंतरशाखा क्लब प्रतियोगिताओं के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में स्थानीय शाखा के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान हासिल किया है। प्राचार्या गीता गाबा ने बताया कि दादरी में आयोजित इन प्रतियोगिताओं में निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत व डिप्टी डायरेक्टर शैलेंद्र सिंह अहलावत ने विशेष रूप से शिरकत की। इस दौरान झज्जर, छुछकवास व चरखी दादरी शाखाओं के विद्यार्थियों के बीच भाषण, वाद-विवाद, नुक्कड़ नाटक, पठन कौशल, क्विज, पब्लिक स्पीकिंग, चार्ट मेकिंग, टाइपिंग, वेब डिजाइनिंग और पोस्टर मेकिंग जैसी स्पर्धाओं का आयोजन किया। ओवरऑल प्रतियोगिताओं में तीसरी से पांचवीं कक्षा तक के वर्ग में छुछकवास शाखा पहले, झज्जर शाखा दूसरे व दादरी शाखा तीसरे स्थान पर रही। छठी से आठवीं तक के वर्ग में छुछकवास शाखा प्रथम, दादरी शाखा द्वितीय और झज्जर शाखा तृतीय स्थान पर रही। सभी विजेताओं को निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत ने ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।



बहादुरगढ़। विजेता ट्रॉफी के साथ स्कूल की टीम। फोटो : हरिभूमि

## रस्साकशी में जूपिटर की टीम ने बाजी मारी

बहादुरगढ़। गांव रोहद में स्थित जूपिटर पब्लिक स्कूल में सहोदय अंडर 14 रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का आरंभ स्कूल निदेशक राजकुमार रुहिल के आशीर्वाद भाषण से हुआ। बालिका वर्ग में जूपिटर स्कूल की टीम ने पहला स्थान हासिल किया। गोल्ड वैली स्कूल की टीम दूसरे स्थान पर रही। जबकि रणबीर सिंह स्कूल की टीम ने तीसरा स्थान पाया। लड़कों में भी जूपिटर स्कूल पहले पर रहा। जबकि रणबीर सिंह स्कूल की टीम दूसरे व सैनिक स्कूल की टीम तीसरे स्थान पर रही। आयोजन में पीटीआई सत्येंद्र का अहम योगदान रहा। प्रिंसिपल ने विजेता बच्चों को बधाई दी।

## वार्षिक खेल महोत्सव में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

- संस्कारम इंटरनेशनल स्कूल पाटौदा में चेयरमैन ने ली परेड की सलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम् इंटरनेशनल स्कूल पाटौदा में बुधवार को वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। खेल उत्सव की शुरूआत मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित संस्कारम् समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने मशाल जलाकर की। खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट करते हुए मुख्यातिथि को सलामी दी। अपने संबोधन में डॉक्टर महिपाल ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है जो शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक तंदुरुस्ती और सामाजिक कौशल को बढ़ाते हैं। खेलों से बच्चों में अनुशासन, टीम वर्क, नेतृत्व और आत्मविश्वास जैसे गुण विकसित होते हैं। प्राचार्या श्वेता कौशिक ने विद्यार्थियों को खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान खिलाड़ियों के बीच थ्री लेग रेस व बोरी रेस सहित विभिन्न प्रकार की दौड़ कराई गईं। विजेता खिलाड़ियों को मुख्यातिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया।



झज्जर। बोरी रेस में भाग लेते हुए खिलाड़ी।



झज्जर। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं शिक्षक।

## दिव्यांग विद्यार्थियों को दी सरकारी सुविधाओं की जानकारी

झज्जर। राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय खेड़ी खुम्मार में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस खंड स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों, एसएमसी सदस्य व आंगनवाड़ी वर्कर्स ने भाग लिया। कैंप की शुरूआत निर्मल कुमार ने की। उन्होंने कहा कि हमें दिव्यांग विद्यार्थियों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर पूजा भारद्वाज, रजनी कल्याण, श्रीनाथ व प्रवीण चौहान ने राज्य व केंद्र की ओर से दिव्यांगों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। इस मौके पर एससीपी विशाल दहिया ने भी संबोधित किया।

## सांता क्लॉज बनकर स्कूल पहुंचे विद्यार्थी



झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित सांता क्लॉज बने विद्यार्थी।

झज्जर। कैंब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदाना में क्रिसमस-डे पर विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में तीसरी के विद्यार्थियों ने कक्षा में क्रिसमस ट्री बनाया, चौथी के विद्यार्थियों ने सांता क्लॉज तैयार किया तथा पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने स्नोमैन बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्री-नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के नन्हे-मुन्ने बच्चे सांता क्लॉज की वेशभूषा में नजर आए और जिंगल बेल-जिंगल बेल गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। विजेता प्रतियोगी दिशा, ध्रुव, पूर्व, विराज, रवि, खुशी, प्रीति, एंजल, मानवी, सिया, छवि, वंशिका, नव्या, याशिका को निदेशक धर्मेंद्र जून द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को क्रिसमस-डे के महत्व से भी अवगत कराया। इस मौके पर पिंकी सोलंकी, ज्योति यादव, आंचल, प्रियंका, प्रीति, ज्योति, कविता, संगीता, सुषमा, मीनाक्षी, तुशिका सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## रंग-बिरंगे परिधानों में विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुति से जीता दिल

*इंडो अमेरिकन स्कूल में क्रिसमस दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

इंडो अमेरिकन स्कूल में बुधवार को क्रिसमस दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे परिधानों में आकर्षक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना तथा क्रिसमस कैरल्स से हुई। बच्चों ने सांता के रूप में प्रवेश किया और अन्य विद्यार्थियों में टॉफियां वितरित की। बच्चों ने क्रिसमस थीम पर आधारित विभिन्न नृत्य प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान क्रिसमस ट्री मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में पहली से दीक्षा प्रथम, वाणी व रूद्र द्वितीय, अविष्का और दिव्यांशी तृतीय रहे। दूसरी कक्षा में सृष्टि प्रथम, मानवी व बृजेश द्वितीय, नयन, धानी और विवान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीसरी कक्षा में मयंक प्रथम, दिव्यांशी द्वितीय और दीप्ति तृतीय रही। चौथी कक्षा से काव्य और बसु प्रथम, प्रत्यूष व मानवी द्वितीय, माही, निकुंज और प्रज्ञा तृतीय रहे। पांचवीं कक्षा में गर्वित, विशेष और आरव प्रथम, हार्दिक व सनाया द्वितीय, हितांश, यशिका और नितेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने विद्यार्थियों से कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देते हैं।




झज्जर। रंग बिरंगे परिधानों में प्रस्तुति देते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## स्वच्छता विषय पर स्वयंसेविकाओं ने बनाए स्लोगन, खुशी रही प्रथम

*पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन विद्यार्थियों को किया जागरूक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेविकाओं को स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत विषय पर जागरूक किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अन्नु देशवाल ने बताया कि कार्यक्रम में राष्ट्रपति अवार्डी एनएसएस कार्यकर्ता नेहा गुलिया ने स्वयंसेविकाओं को एनएसएस गीत व एनएसएस के उद्देश्य बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के शिविरों में भागीदारी से स्वयंसेवकों में अनुशासन, नेतृत्व, समय की पालना, नैतिकता व सहयोग करने की भावना का विकास होता है। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को गीले व सूखे कचरे की जानकारी के अलावा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए भी प्रेरित किया। इस दौरान स्वच्छता विषय पर स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता कराई गई जिसमें खुशी को प्रथम स्थान मिला। शिविर में जहां स्वयंसेविका पायल, भारती, दीक्षा, शिवानी व साक्षी ने आकर्षक भाषण एवं कविता की प्रस्तुति दी वहीं स्वयंसेविका अंशु, पायल, नीशु, स्नेहा और मुस्कान ने प्लास्टिक हटाओ-देश बचाओ विषय पर एक नाटक की प्रस्तुति देते हुए लोगों में स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर प्राचार्य जोगेंद्र धनखड़, डॉक्टर पूजा नांदल, लक्ष्मी, बबीता, मधु, प्रीति, बीना, साहिल, संगीत शिक्षक ईश्वर सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। शिक्षकों व अतिथियों के साथ उपस्थित स्वयंसेविकाएं। फोटो : हरिभूमि

## उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के बारे में दी जानकारी

झज्जर। जिला मुख्यालय पर बुधवार को राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया गया। इस मौके पर जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक आदित्य कौशिक ने उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अंतर्गत उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए प्रभावी और सख्त प्रावधान किए गए हैं। अब ई-कॉमर्स कंपनियों को भी अधिनियम के दायरे में लाया गया है।

**सूचना**

हम, सुंदर पुत्र चुन्नी लाल और गीता पत्नी श्री सुंदर निवासी 538/7, नेताजी नगर, लाइनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करते हैं कि हमारा पुत्र विजय और पुत्रवधु जुली हमारे कहने सुनने से बाहर हैं और हम उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करते हैं। भविष्य में उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारा व हमारे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**सूचना**

मैं, आकाश गुप्ता पुत्र श्री राम बिलास गुप्ता निवासी एफडी-26, विशाखा एंकलेव, पीतमपुरा, दिल्ली-110088 द्वारा बहादुरगढ़ के ओल्ड इंडस्ट्रीयल एरिया में स्थित ओ-25 के अलॉटमेंट संबंधी दस्तावेज खो गए हैं। इस संबंध में दिल्ली पुलिस द्वारा एलआर नंबर-1353225/2024 दिनांक 17/01/2024 क्राइम ब्रांच दिल्ली पुलिस स्टेशन में पंजीकृत है। यदि किसी व्यक्ति को यह दस्तावेज कहीं भी मिले या उसे कोई आपत्ति हो, तो कृपया उपरोक्त पते पर भेजें।

**सूचना**

मैं, कांता गुप्ता पत्नी श्री राम बिलास गुप्ता निवासी एफडी-26, विशाखा एंकलेव, पीतमपुरा, दिल्ली-110088 द्वारा बहादुरगढ़ के ओल्ड इंडस्ट्रीयल एरिया में स्थित ओ-14 के अलॉटमेंट संबंधी दस्तावेज खो गए हैं। इस संबंध में दिल्ली पुलिस द्वारा एलआर नंबर-1353240/2024 दिनांक 17/01/2024 क्राइम ब्रांच दिल्ली पुलिस स्टेशन में पंजीकृत है। यदि किसी व्यक्ति को यह दस्तावेज कहीं भी मिले या उसे कोई आपत्ति हो, तो कृपया उपरोक्त पते पर भेजें।

## पुराना सदर थाने के सामने भिड़े दो गुट, युवक घायल

बहादुरगढ़। रोहतक-दिल्ली रोड पर पुराना सदर थाने के सामने युवाओं के दो पक्ष भिड़ गए। हमले में एक युवक की छाती में नुकीला हथियार घोंप दिया गया। गंभीर रूप से घायल युवक को दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल की पहचान सक्षम के रूप में हुई है। जटवाड़ा के निवासी सक्षम का कहना है कि गत 22 दिसंबर की सायं वह अपने तीन दोस्तों के साथ सेक्टर-9 की मार्केट में था। तभी कार्तिक के पास ईशान का फोन आया और उसने कहा कि विशु से बात करनी है। फिर हम चारों पुराना सदर थाने के सामने नारंग अस्पताल के पास चले गए। वहां ईशान व उसके कुछ साथी थे। इसी दौरान उन्होंने हमारे साथी विशु के साथ मारपीट शुरू कर दी। मैंने बीच बचाव किया तो ईशान ने मुझ पर किसी नुकीले हथियार से हमला किया। फिर वे भाग गए। मुझे परिजनों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से अग्रसेन अस्पताल ले गए। उधर, सेक्टर-9 चौकी पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

**धर्म** | बाबा कांशीगिरी महाराज मंदिर में 283वां सुंदरकांड पाठ

## दुनिया चले न श्रीराम के बिना... पर झूमे भक्त

- संगीतमयी सामूहिक गायन व भजन संध्या में श्रद्धालुओं ने भक्ति रस की धारा प्रवाहित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बाबा कांशीगिरी महाराज मंदिर में 283वां सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुंदरकांड वाचक योगेश रंजन, पवन कौशिक, राजेंद्र वधवा, भारत भूषण नंदा, दिनेश दुजाना, आनंद कुमार, दीपक धीमान, मनोहर लाल, रमेश लखेरा, केवल अरोड़ा, प्रिंस सेठी, विनोद भूटानी, वीरबल मल्होत्रा, शिवम तनेजा, उमंग खुराना, भवित वर्मा, सुमन वधवा, प्रिया तनेजा, हर्ष चावला, वीना वर्मा, सीमा तनेजा, विशन वधवा, शांति कटारिया, संतोष अरोड़ा, हिमांशी अरोड़ा, कमल लता शर्मा, नारायणी सरदाना, शीला देवी चुघ, संतोष हंस, शांति कटारिया सहित श्रद्धालुओं ने संगीतमयी श्री सुंदरकांड पाठ का सामूहिक गायन किया। वहीं भारत भूषण नंदा, योगेश रंजन, राजेंद्र वधवा ने दुनिया चले न श्री राम के बिना..राम जी चले न हनुमान के बिना..भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर मंदिर समिति के उपप्रधान पदम खट्टर, वेद बहल पाशु, प्रदीप काठपालिया, वीरभान वर्मा, वीके शर्मा, डिंपल वर्मा, जितेंद्र वर्मा, दीपांशु, अनिल छाबड़ा, विकास नरुला, ज्ञानेंद्र, निखिल सलूजा, सुरेश गाबा,जय प्रकाश गुप्ता सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



झज्जर। बाबा कांशीगिरी मंदिर में संगीतमयी सुंदरकांड का पाठ करते हुए श्रद्धालु।




झज्जर। तुलसी की पूजा अर्चना करते हुए विद्यार्थी एवं शिक्षक।

## विद्यार्थियों ने मनाया तुलसी दिवस और क्रिसमस डे

झज्जर। एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में बुधवार को तुलसी दिवस और क्रिसमस-डे मनाया गया। एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया व प्राचार्य सतबीर सिंह ने तुलसी मां को पुष्प अर्पित कर उनकी पूजा-अर्चना की। उन्होंने औषधीय गुणों से भरपूर तुलसी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तुलसी का महत्व धार्मिक, पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संबंधी है, जिसे देवी लक्ष्मी और भगवान विष्णु का स्वरूप मानकर घर में सुख-समृद्धि सकारात्मक ऊर्जा लाने के रूप में पूजा जाता है। भगवान विष्णु की उपासना बिना तुलसी के अधूरी मानी जाती है। आयुर्वेद में तुलसी को अमृत के तुल्य बताया है, जो हमें अनेक रोगों से बचाती है। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने क्रिसमस डे मनाते हुए सांता क्लॉज बनकर कक्षाओं में बच्चों को उपहार दिए।

## खबर संक्षेप

### सुशासन दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष 25 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में वीरवार को सुशासन दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

### सट्टा खाईवाली करते दो युवक काबू

**बहादुरगढ़।** पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर सट्टा खाईवाली के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में केस दर्ज किए गए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पहली कार्रवाई एंटी नारकोटिक सेल झज्जर की टीम द्वारा की गई। सट्टा खाईवाली करते हुए धर्मवीर निवासी उत्तर प्रदेश को काबू किया गया। आरोपी के कब्जे से 1420 की नगदी और सट्टा पर्ची बरामद की गई। वहीं दूसरे मामले में थाना शहर की टीम ने रितिक निवासी बहादुरगढ़ को सट्टा खाईवाली के आरोप में काबू किया। आरोपी के पास से 1100 की नगदी और पर्चियां बरामद की हैं।

### एसडीएम ने किया रैन बसेरों का औचक निरीक्षण

**बहादुरगढ़।** एसडीएम आईएएस अभिनव सिवाच ने ठंड के मौसम के मद्देनजर शहर में संचालित रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वहां की व्यवस्थाओं का विस्तार से जायजा लिया। वहां ठहरे जरूरतमंदों व राहगीरों से बातचीत कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। प्रशासन की ओर से राहगीरों को ठंड से राहत देने के लिए पंजाबी धर्मशाला, छोटूराम धर्मशाला, रेलवे रोड पर एमसी क्वाटर्स में रैन बसेरे बनाए गए हैं। निर्देश दिए कि सभी रैन बसेरों में व्यवस्थाएं सुचारू रूप से बनी रहें।

---

23 नवंबर को होशियार सिंह स्टेडियम में अभ्यास करने गया था अमन, इस दौरान हादसे में गई जान

# बॉस्केटबॉल पोल गिरने से खिलाड़ी अमन की मौत मामले में एक माह बाद अज्ञात पर केस दर्ज

परिजनों ने जल्द से जल्द जांच पूरी कर अमन के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बास्केटबॉल प्लेयर अमन की मौत के मामले में आखिरकार सिटी थाने में बीएनएस 106 के तहत एफआईआर दर्ज हो गई। एफआईआर दर्ज होने में एक महीने का समय लग गया। अब परिजनों ने जल्द से जल्द जांच पूरी कर अमन के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है।


मृतक अमन

दरअसल, लाइनपार का निवासी करीब 15 वर्षीय अमन बास्केटबॉल का उभरता हुआ खिलाड़ी था। गत 23 नवंबर को वह ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम में अभ्यास करने आया था। अभ्यास के दौरान जर्जर बास्केटबॉल पोल उसके ऊपर गिर गया। पोल के नीचे दबने से अमन को गंभीर चोट आई और अगले दिन 24 नवंबर को पीजीआई में दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मृतक अमन के परिजनों ने स्टेडियम प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों की लापरवाही और पीजीआई के डॉक्टरों की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन की ओर से जांच के लिए एक कमेटी का गठन भी किया गया था, लेकिन एक माह बीतने के बावजूद जांच रिपोर्ट या निष्कर्ष अभी तक सार्वजनिक नहीं हो पाए हैं। वहीं दूसरी तरफ अमन के परिजन लगातार थाने के चक्कर लगा रहे थे।

#### पुलिस कमिश्नर और डीसी के लगाए चक्कर

हाल ही में अमन के परिजन झज्जर में पुलिस कमिश्नर ऑफिस तथा डीसी ऑफिस में गए। इसके बाद अब अमन के पिता सुरेश की शिकायत पर सिटी थाना बहादुरगढ़ में अज्ञात अधिकारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, अमन के परिवार को न्याय का इंतजार है और वे दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। परिजनों का कहना है कि मामले में जांच धीमी है। जांच के लिए जो कमेटी गठित की गई थी, उसका भी पता नहीं क्या चल रहा है। अब एक महीने बाद एफआईआर दर्ज हो सकी है।

#### सड़क से लेकर संसद तक में हुई थी गूंज

वहीं, 25 नवंबर को रोहतक के लाखनमाजरा में भी बॉस्केटबॉल पोल गिरने से एक खिलाड़ी हार्दिक की मौत होने पर यह दोनों मामले काफी तूल पकड़ चुके थे। सड़क से लेकर संसद तक में इन मामलों की गूंज सुनाई दी थी। इसके बाद स्टेडियमों के हालात को लेकर अधिकारियों व नेताओं के दौरे भी शुरू हो चुके हैं।

---

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने विरोधस्वरूप जलाईं निर्णय की प्रतियां

# अरावली को बचाने के लिए मांडोठी में जोरदार प्रदर्शन

*100 मीटर से कम ऊंचाई की पहाड़ियों को अरावली पर्वत माला का हिस्सा नहीं मानने के निर्णय पर जताया रोष*

पर्यावरण प्रेमी विशेषज्ञ सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को लेकर बेहद चिंतित, उत्तर भारत में जगह-जगह हो रहे विरोध-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सरकार की सिफारिश पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा 100 मीटर से कम ऊंचाई की पहाड़ियों को अरावली पर्वत श्रृंखला का हिस्सा नहीं मानने के निर्णय का बहादुरगढ़ में भी जोरदार विरोध किया गया। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की केंद्रीय कार्यकारिणी के आह्वान पर बुधवार को संगठन के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने गांव मांडोठी में इस फैसले की प्रतियां फूंकी।

संगठन के प्रदेश सचिव जयकरण मांडोठी के अनुसार केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अनुशंसित और 20 दिसंबर 2025 को सर्वोच्च न्यायालय की एक पीठ द्वारा स्वीकृत अरावली जिलों की एकसमान परिभाषा भारत की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला के लिए विनाशकारी साबित होगी। यह मरुस्थलीकरण के एकमात्र अवरोधक, जल पुनर्भरण क्षेत्रों, वन्यजीव आवासों और हमारे देश के विशाल क्षेत्रों, विशेष रूप से हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली के संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट कर देगी। उनके अनुसार हर पर्यावरण प्रेमी विशेषज्ञ सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले को लेकर बेहद चिंतित हैं।



**बहादुरगढ़।** अरावली को लेकर हुए निर्णय की मांडोठी में प्रतियां जलाते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

#### भाजपा को घेरा

जयकरण ने कहा कि 100 मीटर की ऊंचाई पर आधारित अरावली पहाड़ियों की परिभाषा व्यक्तिपरक और अवैज्ञानिक है। इससे अरावली पर्वतमाला का अधिकतम हिस्सा कानूनी संरक्षण से बाहर हो जाएगा। फलस्वरूप, बहुराष्ट्रीय कंपनियां अंधाधुंध खनन गतिविधियों से इसका लाभ उठाएंगी। इससे थार रेगिस्तान के मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया तेज हो जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार का यह कदम पूरी तरह से जनविरोधी और कॉरपोरेट समर्थक है और समाज के सभी वर्गों के लोगों को एकजुट करके इसका विरोध किया जाना चाहिए। प्रदर्शन में शामिल रामधन, मोनू, सतीश, साधू पहलवान, रमेश, सोमबीर, भोलू, रामदिया, रामबीर, विजयपाल, प्रवीन, सोनू, दिनेश, तनीश, पीमी, कुलदीप, अशोक, बिट्टू, उमेद, सतपाल, तीर्थराम व अजय आदि ने कहा कि हजारों लोग पहले से ही सड़कों पर उतरकर सत्ताधारी गुट की इस घिनौनी साजिश का विरोध कर रहे हैं। हर तरफ से इसका विरोध होना चाहिए।

---

पुलिस ने 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया

# 2025 में साइबर क्राइम के 305 केस 60.85 लाख रुपये की कराई रिकवरी

**झज्जर।** साइबर थाना में इस वर्ष दिसंबर माह तक दर्ज 305 मामलों में कार्रवाई करते हुए 60.85 लाख रुपये की रिकवरी करवाते हुए पीड़ित लोगों को राहत प्रदान की है। डीसीपी क्राइम अमित दहिया ने बताया कि दिसंबर माह में अब तक साइबर अपराधों से संबंधित कुल 305 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। थाना साइबर क्राइम झज्जर की पुलिस टीम ने इन शिकायतों पर संज्ञान लिया। जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में पीड़ितों को उनकी मेहनत की कमाई वापस दिलाई गई। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध मामलों में न्यायालयीन प्रक्रिया के माध्यम से 34,52,891 की सुपरदारी कराई गई, वहीं लोक अदालत के माध्यम से 26,32,487 की सुपरदारी कराई गई। इस प्रकार दिसंबर माह में अब तक कुल 60,85,378 रुपये की राशि पीड़ितों को वापस दिलाई जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान साइबर अपराधियों के नेटवर्क का खुलासा हुआ, जिसके बाद अंतरराज्यीय स्तर पर छापेमारी की गई। पुलिस टीमों ने मुजफ्फरनगर एवं मेरठ उत्तर प्रदेश, मेहसाणा गुजरात, बूंदी एवं डीडवाना राजस्थान तथा फिरोजपुर पंजाब में दबिश देकर कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।


अमित दहिया, डीसीपी क्राइम झज्जर।

मुनाफे का लालच देकर बहादुरगढ़ निवासी से ठगे थे 76 लाख रुपये

### लाखों रुपये की साइबर धोखाधड़ी मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** साइबर थाना टीम द्वारा धोखाधड़ी करने के दो अलग अलग मामलों में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक सोमवीर ने बताया कि पहला मामला बहादुरगढ़ निवासी एक व्यक्ति से जुड़ा है, जिसमें पीड़ित व्यक्ति द्वारा इसके बाद दस अगस्त से लेकर करीब 20 दिनों के भीतर उसने लगभग 76 लाख रुपये अलग-अलग खातों में निवेश कर दिए। शुरुआत में उसे एप पर मुनाफा दिखाया गया, लेकिन जब उसने अपने पैसे निकालने की कोशिश की तो कोई भी राशि वापस नहीं मिली। जिसकी शिकायत पीड़ित ने थाना साइबर क्राइम में शिकायत दर्ज करवाई। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा, जिनकी पहचान रवि निवासी बठिंडा और मनप्रीत निवासी बदनी गुलाब, जिला फिरोजपुर के रूप में हुई है। वहीं दूसरा मामला भी बहादुरगढ़ निवासी एक अन्य व्यक्ति से जुड़ा हुआ है, जिसे अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर लाखों रुपये की ठगी का शिकार बनाया गया। मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा गया। आरोपियों की पहचान जावेद खान और इरफान के रूप में हुई है, जो नागौर के निवासी हैं और वर्तमान में डीडवाना, राजस्थान में रह रहे थे।

---

*चार हजार की नकदी व सामान चोरी*

# परिवार गया था शादी में, दीवार में सेंध लगाकर मकान में चोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

कश्मीरी कॉलोनी में स्थित एक बंद मकान को चोरों ने निशाना बना लिया। मकान की दीवार में सेंध लगाकर चोर नकदी व घरेलू सामान पर हाथ साफ कर गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वारदात सुरेंद्र के मकान में हुई है। दरअसल, लोहारू भिवानी का सुरेंद्र यहां कश्मीरी कॉलोनी में रहता है। सुरेंद्र का कहना है कि बेटी की शादी के सिलसिले में वह परिवार सहित अपने गांव में गया हुआ था। पीछे से मकान बंद था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने मकान को निशाना बना लिया। गत 23 दिसंबर को वह यहां मकान पर आए तो अंदर सामान अस्त व्यस्त था। पीछे गेट की तरफ दीवार की ईंट निकली हुई थी। उसी के जरिये चोर मकान में घुसे और वारदात कर गए। जांच के दौरान अलमारी से चार हजार रुपये की नकदी, इनवर्टर बैटरी, छत के पंखे, पानी की मोटर, सिलेंडर, ग्राइंडर व मशीन सहित अन्य सामान गायब था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर सिटी थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### चोरी की मंशा से मकान में घुसा युवक पड़ोसियों की सजगता से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सेक्टर-9 स्थित एक मकान में चोर वारदात की नीयत से घुस गया, लेकिन पड़ोसियों की सजगता के चलते अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सका। भागते वक्त उसे एक मकान से काबू कर लिया गया। पुलिस मामले में जांच कर रही है। वारदात अमन के मकान में हुई है। सेक्टर-9 निवासी अमन का कहना है कि वह अपनी पत्नी के साथ ससुराल करनाल गया था और माता व पिता बनारस घूमने गए थे। पीछे से मकान बंद था।

#### ऊपरी तल के दरवाजे का तोड़ा ताला

गत 23 दिसंबर को हम वापसी में बहादुरगढ़ के नजदीक ही थे कि फोन पर पड़ोसियों से सूचना प्राप्त हुई कि आपके मकान में चोर घुसा हुआ है। इस पर हम कुछ देर में घर पहुंच गए। देखा तो मकान के बाहर काफी पड़ोसी व पुलिस खड़ी थी। इसके बाद हम व कुछ पड़ोसी मकान के अंदर दाखिल हुए तो सारा सामान बिखरा हुआ था। दरवाजे की जाली कटी हुई थी। वहीं ऊपरी तल के दरवाजे का लॉक टूटा हुआ थ। इसी बीच एक नौजवान लड़का हमारे मकान से निकलकर पड़ोसियों के मकान में कूद गया। जिसके बाद पुलिस की मदद से उसे पकड़ लिया गया। आरोपी ने अपना नाम लवकुश निवासी यूपी हाल टीकरी बताया। उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। उधर, पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।



---

*गुरुग्राम फ्लाईओवर के पास ट्रक के कार के ऊपर पलटने से हुआ था हादसा*

# दो सगे भाइयों समेत पांच की मौत से क्षेत्र में पसरा मातम, पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपे

- शटरिंग का काम कर ठेकेदार के साथ ऊंटलौधा से वापिस लौट रहे थे श्रमिक, अज्ञात ट्रक चालक पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

तूड़े से भरे ट्रक के कार पर गिरने से मौत का शिकार हुए पांच लोगों के शवों का बुधवार को पोस्टमार्टम कराया गया। इस संबंध में पुलिस द्वारा परिजनों की संयुक्त शिकायत पर कार्रवाई करते हुए अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। मामले के जांच अधिकारी जगबीर ने बताया कि सभी शवों का पोस्टमार्टम कराकर उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पुलिस को दी शिकायत में मृतक ठेकेदार सूहरा निवासी घनश्याम किशोर के पुत्र रितुराज ने बताया कि उसके पिता शटरिंग कार्य करते थे। मंगलवार को वे करीब साढ़े आठ बजे श्रमिक अखिलेश कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह, जगबीर सिंह पुत्र राजेंद्र, पिंटू पुत्र किशनलाल, जर्नादन पुत्र तीजू को अपनी गाड़ी में बिठाकर शटरिंग के काम से ऊंटलौधा ले गए थे। रितुराज के अनुसार शाम को वह भी अपने चाचा सूरहा निवासी राकेश कुमार के साथ गाड़ी में ऊंटलौधा काम संभालने गया था। इसके बाद शाम करीब सवा 6 बजे घनश्याम चारों श्रमिकों के साथ तथा मैं अपने चाचा राकेश कुमार के साथ वापिस लौट रहे थे तो सिलानी बाईपास पुल से आगे गुरुग्राम फ्लाईओवर के नजदीक एक तूड़े से भरे ट्रक ने तेज गति से उसके पिता की गाड़ी के आगे कट मारा तो असंतुलित ट्रक उसके पिता की गाड़ी पर गिर गया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग निकला। उन्होंने जेसीबी व हाइड्रा बुलवाकर ट्राले को उठवाया तथा गाड़ी में बैठे लोगों को संभाला तो गाड़ी सवार सभी लोगों की मौत हो चुकी थी।


**झज्जर।** नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के दौरान विलाप करते हुए परिजन।

#### परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

जब पुलिस द्वारा सभी शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा था। शवगृह परिसर के बाहर सभी के परिजनों की भीड़ जमा रही। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा। मृतक श्रमिकों में दो सगे भाई जयबीर व अखिलेश भी शामिल थे। वे पिछले लंबे समय से यहां घनश्याम के साथ शटरिंग कार्य में लगे हुए थे। पांच-पांच शवों के पोस्टमार्टम के लिए कागज तैयार करने के लिए पुलिस द्वारा पांच अलग-अलग कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई। इसके बाद एक-एक करके सभी शवों का पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।

---

**निरीक्षण** बिसाहन लिंक ड्रेन पर बनने वाले पंप हाउस की साइट का किया दौरा

# डीसी ने बाढ़ नियंत्रण कार्य 30 जून तक निपटाने के दिए दिशा-निर्देश

दूबलधन लिंक ड्रेन, मातनहेल ड्रेन, मूंदसा, बीड़ छुछकवास में लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बुधवार को जिले में बाढ़ राहत एवं जल निकासी व्यवस्था को लेकर विभिन्न ड्रेनों व पंप हाउसों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और आगामी 30 जून से पहले बाढ़ नियंत्रण कार्यों को पूरा करने को कहा। उन्होंने बिसान लिंक ड्रेन पर बनने वाले पंप हाउस की साइट विजिट करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने दूबलधन लिंक ड्रेन, मातनहेल ड्रेन, मूंदसा, बीड़ छुछकवास, माजरा डी, बिरहड़ व हुमायुंपुर आदि गांवों में जल निकासी से जुड़े कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि आगामी बरसाती सीजन से पूर्व जलभराव की समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।


**झज्जर।** सिंचाई विभाग से जुड़े कार्यों का जायजा लेते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

### पीएचसी पर सीएम फ्लाइंग का छापा, रिकॉर्ड खंगाला

बीसीजी वैक्सीन लगाने में हेराफेरी को लेकर छापे के कयास

**बहादुरगढ़।** सीएम फ्लाइंग की टीम ने बुधवार को बहादुरगढ़ के आदर्श नगर स्थित अर्बन पीएचसी पर छापा मारा। सीएम फ्लाइंग के इंस्पेक्टर के नेतृत्व में सीआईडी के कर्मचारियों ने पीएचसी का रिकॉर्ड खंगाला। डॉक्टरों और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से पूछताछ की गई। बताते हैं कि बहादुरगढ़ में करीब 20 हजार लोगों को बीसीजी वैक्सीन लगाए जाने का लक्ष्य था, लेकिन पीएचसी में जमीनी स्तर पर वैक्सीनेशन नहीं होने के आरोप लगे हैं। केंद्रीय व राज्य स्वास्थ्य मंत्री के पास शिकायत दी गई हैं। जिसके बाद बुधवार को यह छापेमारी हुई। जांच में क्या कुछ सामने आया, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

---

*सड़क हादसे रोकने के लिए जिला पुलिस की पहल*

# वाहनों पर लगाई रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप

- यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया जा रहा जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यातायात प्रभारी सतीश कुमार के नेतृत्व में सूर्या रोशनी कंपनी परिसर में कार्यक्रम किया गया।

अभियान के दौरान कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों की 320 साइकिलों पर रिफ्लेक्टर और रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए, ताकि रात या कम रोशनी के समय उनकी दृश्यता बढ़ाई जा सके। इसके साथ ही 85 अन्य वाहनों पर भी रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए, जिससे सड़क पर चलते समय वाहनों की पहचान आसानी से हो सके और दुर्घटनाओं की आशंका कम हो। कर्मचारियों को से वाहनों पर निर्धारित मानकों के अनुसार रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगवाने की अपील की गई। इस अवसर पर आरएसओ सुधीर और पंकज भी उपस्थित रहे।


**बहादुरगढ़।** एक साइकिल पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाते एसएचओ सतीश कुमार।